प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रांची में चुनाव आयोग की बैठक जारी, सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव की तैयारी से संबंधित जिलावार की जा रही है समीक्षा।
2. झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह सहित कई नेता आज करेंगे परिवर्तन यात्रा सभा को संबोधित, हिमंता बिस्वा सरमा भी पहुंचे रांची।
3. चतरा के ईटखोरी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज एक हजार 500 करोड़ से अधिक की योजनाओं का होगा उद्घाटन और शिलान्यास।
4. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से इस वर्ष जुलाई में लगभग 20 लाख नये अंशदाता जुड़े।

****

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने झारखंड दौरे पर आयी चुनाव आयोग की टीम दूसरे और अंतिम दिन आज राज्य के सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की मौजूदगी में चल रही इस बैठक में राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव की तैयारियों से संबंधित जिलावार समीक्षा की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार दो दिनों की इस समीक्षा बैठक पूरी होने के बाद चुनाव आयोग की ओर से बैठक से संबंधित जानकारी जारी की जाएगी।

****

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गोड्डा और बोकारो में आयोजित परिवर्तन यात्रा को संबोधित करेंगे। वहीं पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शिवेंदू अधिकारी धनबाद जिले में सिंदरी के बलियापुर में परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। जमशेदपुर के पोटका स्थित जोड़ी स्टेडियम में आयोजित सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित कई नेता शामिल होंगे। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खूंटी के तोरपा स्थित ब्लॉक मैदान में और सिमडेगा जिले के कोलेबिरा स्थित कॉलेज मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

****

झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंच गए हैं। श्री सरमा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव कब होगा इसका निर्णय आयोग लेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चतरा के ईटखोरी में **आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार** कार्यक्रम के तहत चतरा और कोडरमा जिले के लिए एक हजार 500 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री सत्यानंद भोगता, चतरा के सांसद काली चरण सिंह को भी आमंत्रित किया गया है।

****

चुनावी अधिसूचना जारी होने के पहले पाकुड़ जिला प्रशासन विधानसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन को लेकर तैयारियों में जुट गया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में सर्वोच्च लेखा संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस अवसर पर कहा कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक– **कैग** देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने कैग कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। राष्ट्रपति ने कहा कि कैग का कार्यालय संविधान निर्माताओं की उम्मीदों पर खरा उतरा है।

****

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से इस वर्ष जुलाई में लगभग 20 लाख नये अंशदाता जुड़े हैं। यह पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में दो दशमलव चार–तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक की सर्वोच्च वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में संगठन के अस्थायी पे–रोल आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अप्रैल 2018 में पे–रोल ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से यह सर्वोच्च वृद्धि है।

****

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव आज दिन के तीन बजे रांची पहुंचेंगे। वे कल मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

****

झारखंड हाइकोर्ट ने देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दायर अपील याचिका को स्वीकार कर लिया है। एकल पीठ के आदेश को निर्वाचन आयोग ने अपील याचिका दायर कर चुनौती दी थी। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने छह दिसंबर 2021 को राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर देवघर के उपायुक्त पद से मंजूनाथ भजंत्री को हटाने तथा उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश दिया था।

****

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के नया बस स्टैंड परिसर स्थित सुलभ शौचालय में स्वच्छता ही सेवा 2024 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि स्वच्छता का समाज के अंतिम व्यक्ति तक संदेश को पहुंचाया जा रहा है।

****

सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की छानबीन करने का पुलिस से आग्रह किया है।

****

मालदा टाउन मंडल के भागलपुर–जमालपुर रेलखंड में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण ट्रेन संख्या 18186 गोड्डा–टाटानगर एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय 2 बजे की जगह 4 बजे गोड्डा से प्रस्थान करेगी।

****

बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव बन रहा है। जिसका असर झारखंड के कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि आज से 27 सितंबर तक रांची, गोड्डा, साहिबगंज सहित 14 जिलों में रूक–रूककर बारिश हो रही है।

********* समाप्त **********